एक नजर में

बस और बाइक की टक्कर में तीन युवकों की दर्दनाक मौत

अशोकनगर। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनेरा गांव के पास गुरुवार शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। एक तेज रफ्तार बाइक और बस के बीच हुई भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक उछलकर काफी दूर जा गिरे और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। अत्यधिक खून बहने के कारण घटनास्थल पर सड़क और बारिश के पानी का रंग लाल हो गया। जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान गुना जिले के आरोन थाना क्षेत्र के क्यापुर गांव निवासी मोकम प्रजापति, फूल सिंह मेहता और सुनील शिकारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार फूल सिंह की बहन सोनेरा गांव में रहती हैं। तीनों दोस्त अपनी स्प्लेंडर बाइक से सोनेरा आए थे और शाम को वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सोनेरा गांव के पास उनकी बाइक सामने से आ रही बालाजी बस से टकरा गई। घटना के समय हल्की बारिश हो रही थी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और बस ड्राइवर ने गाड़ी रोक दी। सूचना मिलते ही कचनार पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस दर्दनाक हादसे से मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है।

मालगाड़ी की चपेट में आए महिला-पुरुष, टैटू से पहचान की कोशिश

अशोकनगर। जिले के हिनोतिया रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। यह घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। मालगाड़ी के लोको पायलट ने स्टेशन पर सूचना दी कि दो लोग ट्रेन के सामने आ गए हैं और उनके शव रेलवे ट्रैक के पास पड़े हैं। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। रेलवे ट्रैक पर दोनों के शव क्षत-विक्षत हालत में मिले। मृतकों के चेहरों पर इतनी गंभीर चोटें थीं कि उनकी तत्काल पहचान करना मुश्किल हो गया है। शिनाख्त के लिए पुलिस को उनके शरीर पर बने टैटू का सहारा मिला है। पुलिस के अनुसार, मृत महिला की गर्दन के नीचे जगपाल बरखा नाम का टैटू बना हुआ है। वहीं मृतक युवक के हाथ पर पुष्पा सहित दो नाम लिखे हैं, जिनमें से दूसरा नाम पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। देहात थाना पुलिस ने दोनों शवों को जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस मृतकों की शिनाख्त के प्रयास करने के साथ ही मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

पिपरई धर्मांतरण में SIT ने भोपाल से एक और बालक को लिया अभिरक्षा में

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाना अंतर्गत नाबालिग बालिकाओं के धर्मांतरण, दुष्प्रेरण और जबरन निकाह कराने के गंभीर मामले में पुलिस लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और एसडीओपी विवेक शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल (SIT) ने मामले से जुड़े एक और विधि-विवादित बालक को भोपाल से अभिरक्षा में लेने में सफलता हासिल की है। दरअसल यह पूरा मामला नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर, उनका धर्म परिवर्तन कराने और पीड़िताओं के हिंदू नाम बदलकर मुस्लिम नाम रखने से जुड़ा है। 16 अप्रैल 2026 को दर्ज इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो एक्ट, मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम और एससी/एसटी एक्ट जैसी बेहद कड़ी और गैर-जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपियों पर इनाम भी घोषित किया गया था।

अब तक कई आरोपी जा चुके हैं जेल

इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस पहले ही आरोपी अल्तमश कुरैशी, आहद उर्फ आहत शेख, जस्सी किन्नर और भोपाल निवासी षड्यंत्रकारी बस्सू उर्फ बशीर सहित एक अन्य विधि-विवादित बालक को गिरफ्तार कर चुकी है। ताजा कार्रवाई में पिपरई थाना प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा और एसआई अभिजीत सिंह की टीम ने भोपाल में दबिश देकर इस विधि-विवादित किशोर को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक ने दोहराया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ ऐसी ही कठोर दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

12 दिनों से अंधेरे में ग्रामीणों ने सड़क पर कांटे बिछाकर किया चक्काजाम

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर तहसील के अंतर्गत खाकलोन गांव के पास गुरुवार को बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। दमदमा पंचायत की रोरी चक्क आदिवासी बस्ती के एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर कंटीले झाड़, लकड़ियां और पत्थर रखकर चक्काजाम कर दिया। यह प्रदर्शन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

इस दौरान ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी बस्ती में पिछले 12 दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद है। बिजली न होने से इलाके में पेयजल संकट भी गहरा गया है। मजबूरन ग्रामीणों को मोला डेम तालाब से पानी लाकर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। विरोध स्वरूप कई ग्रामीण अपने साथ पानी के खाली बर्तन लेकर भी प्रदर्शन में शामिल हुए। गौरतलब है कि चार दिन पहले भी ग्रामीणों ने इसी समस्या को लेकर चक्काजाम किया था, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई स्थायी समाधान न किए जाने के कारण उन्हें दोबारा सड़क पर उतरना पड़ा। आंदोलन की सूचना मिलते ही बहादुरपुर तहसीलदार, पुलिस बल और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जल्द समस्या का समाधान करने का ठोस आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खोला गया।

पक्की सड़क के लिए तरस रहे ग्राम कटाखेड़ा के आदिवासी

टैंडर के एक साल बाद भी काम नहीं हुआ शुरू, नदी-नालों के बीच खटिया पर आते हैं मरीज

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। सरकारें भले ही आदिवासी विकास के बड़े-बड़े दावे करें, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी बेहद पथरीली है। चन्देरी जनपद की ग्राम पंचायत खागल दुधराई का आदिवासी बाहुल्य गांव कटाखेड़ा आज के डिजिटल युग में भी एक अदद पक्की सड़क के लिए तरस रहा है। करीब एक वर्ष पहले प्रधानमंत्री जनमन ग्रामीण सड़क योजना के तहत इस सड़क का टेंडर यादव ट्रेडर्स के नाम खुला था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और

ठेकेदार की मनमानी के चलते साल भर बाद भी सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका है। वहीं सड़क के निर्माण में हो रहीं देरी को लेकर जब प्रधानमंत्री ग्रामीण जनमन सड़क के जीएम केतन शाक्य से फोन पर जानकारी लेना चाहा तो दो बार कॉल करने के बाद भी उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

केंद्रीय मंत्री के पत्र और आश्वासनों का भी नहीं हुआ असर:

ग्राम पंचायत खागल दुधराई के सरपंच बलवीर सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर समस्या से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। दिल्ली से कलेक्टर को जल्द कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश भी जारी हुआ। यही नहीं प्रधानमंत्री ग्रामीण जनमन सड़क के जीएम ने भी बारिश से पहले काम पूरा करने का कोरा आश्वासन दिया था, जो हवाई साबित हुआ। टेंडर होने के बाद जगी उम्मीद की किरण अब आक्रोश में बदल रहीं है।

बारिश में टापू बन जाता है गांव, सीएम हेल्पलाइन भी फेल:

भौगोलिक रूप से कटाखेड़ा गांव दोनों ओर से नदियों और पहाड़ों से घिरा हुआ है। बारिश का मौसम आते ही वेलन नदी और बड़ा नाला उफान पर आ जाते हैं, जिससे इस आदिवासी गांव का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कट जाता है। आपातकालीन स्थिति में बीमार व्यक्तियों और प्रसूताओं को खटिया पर लिटाकर उफनते नदी-नालों के बीच से जान जोखिम में डालकर पैदल सेहराई तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस बदहाली के खिलाफ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर कई बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

स्कूल में घुसकर शिक्षिका से अभद्रता और तोड़फोड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

घटना का वीडियो हुआ वायरल, शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले के सहराई थाना क्षेत्र के देवर्ची गांव स्थित एक सरकारी स्कूल में युवक द्वारा हंगामा, शिक्षिका से बदसलूकी और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहराई थाना पुलिस ने पीड़ित शिक्षिका की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दरअसल यह वारदात बुधवार की बताई जा रही है। स्कूल में पदस्थ शिक्षिका मीनू पनेरिया ने जब आरोपी की हरकतों का विरोध किया और अपने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया, तो आरोपी आग बबूला हो गया। उसने गुस्से में आकर क्लासरूम की कुर्सी को बाहर फेंक कर तोड़ दिया और बाद में शिक्षिका की स्कूटी को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया।

चाचा को नौकरी से हटाए जाने का था रंजिश:

शिक्षिका मीनू पनेरिया के अनुसार कुछ समय पहले आरोपी छोटू उर्फ

सुमित यादव के चाचा इसी स्कूल में अतिथि शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। मीनू पनेरिया की स्थाई नियुक्ति होने के बाद नियमानुसार उसके चाचा को पद से हटा दिया गया था। इसी बात की रंजिश रखते हुए आरोपी सुमित यादव बुधवार को स्कूल परिसर में घुसा और शिक्षिका के साथ गाली-गलौज व अभद्रता करने लगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

चोरों का तांडव: एक ही रात में चार घरों को बनाया निशाना, नकदी पार; शोर मचने पर एलईडी टीवी छोड़ भागे बदमाश

अशोकनगर। शहर के आजाद नगर और पूजा कॉलोनी इलाके में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने रात करीब 3 से 4 बजे के बीच एक ही रात में चार घरों को निशाना बनाया। चोरों ने कहीं खिड़की की जाली काटी तो कहीं दरवाजों के कुंडे और ताले चटकाए। इस सामूहिक चोरी की वारदात से पूरे इलाके के निवासियों में दहशत का माहौल है।

आजाद नगर निवासी अनस खान के घर में चोर खिड़की की जाली काटकर घुसे और कमरे में टंगी पैंट की जेब से 25,000 नकद चुरा लिए। वहीं, प्रेमबाई कोरी के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने अंदर प्रवेश किया और एलईडी टीवी निकालकर ले जाने की फिराक में थे। इसी बीच मोहम्मद शाकिर खान के घर में चोरी का प्रयास करते समय अंदर सो रहा एक सदस्य जाग गया। बाहर 4-5 संदिग्धों को देखकर जब उसने शोर मचाया, तो बदमाश एलईडी टीवी और अन्य सामान छोड़कर मौके से भाग खड़े हुए।

पूजा कॉलोनी में भी धावा:

आजाद नगर के अलावा बदमाशों ने रेलवे लाइन के दूसरी पार स्थित पूजा कॉलोनी में भी एक सूने मकान का दरवाजा तोड़कर चोरी का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके से लोहे का पेचकस, टूटे हुए ताले और एक जोड़ी चप्पल बरामद हुई है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस हुलिए और साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

जिला अस्पताल को मिले नये मुखिया

डॉ. बीएल टैगोर ने संभाली सिविल सर्जन की कमान

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिला अस्पताल के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. भूपेंद्र शिखावत के स्थानांतरण के बाद से खाली पड़े मुख्य पद को नया नेतृत्व मिल गया है। गुरुवार को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बीएल टैगोर ने आधिकारिक तौर पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन का पदभार ग्रहण कर लिया है।

डॉ. टैगोर के कुर्सी संभालते ही जिला अस्पताल परिसर में हर्ष का माहौल देखा गया। अस्पताल के समस्त डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासनिक कर्मचारियों और स्थानीय समाजसेवियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर नए कार्यकाल के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि 26 वे सिविल सर्जन बनाये गए है।

मरीजों की सेवा और सुलभ इलाज पहली प्राथमिकता:

पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. टैगोर ने कहा कि शासन ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करूँगा। मेरी सबसे पहली प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि अस्पताल में आने वाले किसी भी मरीज को इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और सुलभ बनाने के लिए हमारी टीम हमेशा तत्पर रहेगी। डॉ. टैगोर की इस प्राथमिकता से मरीजों को जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में बड़े और सकारात्मक सुधार की उम्मीद जगी है।

इंडियन आर्मी में चयन के बाद पहली बार घर लौटे ऋतिक का हुआ गर्मजोशी से स्वागत

स्वागत के लिए उमड़ा स्टेशन पर जनसैलाब

देश भक्ति गीतों और नारों से गूंजा परिसर

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शंकर कॉलोनी के होनहार युवक ऋतिक रजक ने भारतीय सेना (इंडियन आर्मी) में चयनित होकर न सिर्फ अपने परिवार का बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। अपनी कठिन ट्रेनिंग पूरी करने के बाद प्रथम नगर आगमन पर ऋतिक रजक का रेलवे स्टेशन पर समाज जनों और प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

ऋतिक जैसे ही ट्रेन से उतरे, पूरा स्टेशन परिसर देशभक्ति के नारों से

गूंज उठा।

इस गौरवमयी पल के साक्षी बनने और युवा सैनिक का हौसला बढ़ाने के लिए भाजपा के पिछड़ावर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष सहित कई भाजपा पदाधिकारी और भारी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित जनों ने ऋतिक को फूल-मालाओं से लाद दिया और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं समाज जनों ने कहा कि ऋतिक की यह सफलता नगर के अन्य युवाओं को भी देश सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।

मंथाना हत्याकांड के फरार आरोपी भी गिरफ्तार

रास्ते के विवाद में की थी युवक की हत्या

पुलिस ने मुख्य आरोपी पर लगाए हैं एनएसए

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। रास्ते के विवाद में हुए चर्चित बृजेश गुर्जर हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना बहादुरपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले में फरार चल रहे तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस अब तक कुल आठ आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर के खिलाफ पहले ही राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत कड़ी कार्रवाई की जा चुकी

है।

उल्लेखनीय है कि बीते 27 जून को बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरा मथाना में खेत पर जाने के पुराने रास्ते को लेकर बृजेश गुर्जर की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। फरियादी वीरन गुर्जर की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने एएसपी अंतर सिंह कनेश और एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया था। पुलिस टीम ने सघन तलाशी और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से फरार आरोपी फूल सिंह गुर्जर , श्यामसुंदर गुर्जर और यशपाल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में बहादुरपुर थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही। एसपी ने साफ किया कि जिले में अपराधों के जीरो टोलरेंस की नीति जारी रहेगी।

शुभारंभ

वीबी-जी रामजी योजना का जिलास्तरीय शुभारंभ

अब ग्रामीण परिवारों को मिलेगी 125 दिन के रोजगार की गारंटी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। ग्राम विकास को गति देने और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को शासकीय विधि महाविद्यालय में जिला स्तरीय जनसम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कलेक्टर साकेत मालवीय ने विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी-जी रामजी) योजना का भव्य शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि ग्राम की वास्तविक आवश्यकता को देखकर ही विकास की विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाए। योजना में जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका सृजन और

आपदा प्रबंधन जैसे चार प्रमुख श्रेणियों के कुल 318 प्रकार के कार्य शामिल हैं, जिनका प्राथमिक चयन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाएगा।

125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी

कलेक्टर श्री मालवीय ने बताया कि भारत सरकार की यह ऐतिहासिक योजना 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू हो चुकी है। इसके तहत अब पात्र ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी मिलेगी। योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाना और विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करना है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान में बेहतरीन कार्य करने वाले जिले के सरपंचों, सचिवों और रोजगार सहायकों को कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

हुआ लाइव प्रसारण

सम्मेलन के दौरान आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले से योजना के राष्ट्रीय शुभारंभ का लाइव प्रसारण दिखाया गया, जहाँ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित थे। अशोकनगर के इस गरिमामयी कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, जनपद उपाध्यक्ष अभिषेक यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर मुंगावली में मनाया गया बावड़ी उत्सव

मुंगावली। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड मुंगावली द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण विषय पर आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धर्मेंद्र जैन (सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक), विशिष्ट अतिथि मनोज शर्मा (पार्षद), जाकिर खान (समाजसेवी) एवं श्रीकृष्ण चौबे (जगन्नाथ मंदिर के पुजारी) द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र जैन ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल का संरक्षण एवं संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को जल बचाने का संकल्प लेना चाहिए। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयकने जल गंगा संवर्धन अभियान की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं विकासखंड समन्वयक वंदना सगर ने जन अभियान परिषद के विभिन्न कार्यों तथा CMCLDP पाठ्यक्रम के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समापन से पूर्व मां गंगा की सामूहिक आरती की गई। इसके पश्चात सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं नवांकुर मेंटर्स द्वारा बावड़ी पर दीप प्रज्वलित कर दीपों की मनमोहक श्रृंखला बनाई गई, जिसने कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अवधेश चौबे ने किया तथा मुकेश प्रजापति ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, परामर्शदाता, छात्र-छात्राएं एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।